ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 215

हरियाणा के रुझानों में तीसरी बार BJP सरकार:कांग्रेस ने कहा- नतीजे चौंकाने वाले, सीएम नायब सैनी बोले- कांग्रेस का झूठ नहीं चला



24 न्यूज अपडेट

हरियाणा. हरियाणा में BJP तीसरी बार सरकार बनाती दिख रही है। राज्य में ऐसा करने वाली वह पहली पार्टी होगी। पार्टी को रुझानों में कुल 90 सीटों में से 7 पर बढ़त हासिल है। 41 सीटों पर जीत मिल चुकी है

उधर, कांग्रेस को 4 सीटों पर बढ़त हासिल है, 33 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी लाडवा और कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा गढ़ी-सांपला सीट से जीत गए हैं।

कांग्रेस ने रिजल्ट को चौंकाने वाला बताया है। वहीं सीएम सैनी ने कहा कि जनता ने कांग्रेस के झूठ को नकार दिया है।

BJP की बढ़त के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम नायब सिंह सैनी को फोन किया और जीत पर बधाई दी। इस बीच खबर आ रही है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण दशहरा यानी 12 अक्टूबर को हो सकता है।

डेढ़ घंटे में रुझान कांग्रेस के हाथ से निकले

मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। रुझान आते ही कांग्रेस ने बढ़त बना ली थी और कुछ देर तक एक तरफा जीत की ओर थी। पार्टी ने 65 सीटों को छू लिया था। भाजपा कम होकर 17 सीटों पर आ गई थी। लेकिन 9:30 बजे भाजपा टक्कर में आई और दोनों पार्टियों में दो सीटों का अंतर रह गया। सुबह 9:44 बजे एक समय ऐसा भी आया जब दोनों पार्टी 43-43 सीटों पर आ गईं। इसके बाद भाजपा 51 सीटों तक पहुंच गई। करीब 11 बजे से भाजपा की सीटें 47 से 51 के बीच बनी हुई हैं। हरियाणा में इस बार 67.90% वोटिंग हुई थी। पिछले चुनाव में 68.20% वोटिंग हुई थी। हरियाणा के चुनाव परिणाम पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, 'हमें जनता का फैसला स्वीकार है। पार्टी में तालमेल की कोई कमी नहीं थी। हमें कई जगहों से EVM में गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। हम चुनाव आयोग से मुलाकात करेंगे।' हरियाणा में रिजल्ट के बीच कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। नेता जयराम रमेश ने कहा, 'हरियाणा के नतीजे चौंकाने वाले हैं। हम ये नतीजे स्वीकार नहीं कर सकते। यहां लोकतंत्र की हार हुई है और बीजेपी के तंत्र की जीत हुई है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। सभी शिकायतों को इकठ्ठा करके आयोग के सामने रखेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'हरियाणा के परिणाम पूरी तरह से अप्रत्याशित हैं। हम तो यहां तक कहेंगे कि ये अस्वीकार्य हैं। तीन जिलों हिसार, महेंद्रगढ़ और पानीपत से हमारे उम्मीदवार के बारे में लगातार शिकायतें आ रही हैं। लगातार शिकायतें आ रही हैं कि कैसे कुछ मशीनों की बैटरियां जो 99% चार्ज थीं, उनमें हमारा उम्मीदवार हारता हुआ दिख रहा है और जिन मशीनों को छुआ तक नहीं गया, जिनकी बैटरियां 60-70% चार्ज थीं, उनमें हमारा उम्मीदवार जीतता हुआ दिख रहा है।

जम्मू-कश्मीर में NC-कांग्रेस की सरकार:फारूक अब्दुल्ला बोले- उमर CM बनेंगे; नौशेरा में हार के बाद रविंदर रैना का BJP अध्यक्ष पद से इस्तीफा





24 न्यूज अपडेट

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आ गया है। नेशनल कांफ्रेंस (NC) और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। भाजपा ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की। पीडीपी को 3 सीट मिली। एक-एक सीट आम आदमी पार्टी, जेपीसी और CPI(M) के खाते में आई। 7 निर्दलीय भी जीते। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा- उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले CM होंगे। उमर अब्दुल्ला ने दो सीटों (बडगाम और गांदरबल) पर चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत दर्ज की। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से हार गईं। उन्होंने कहा- मैं लोगों के फैसले को स्वीकार करती हूं। उधर नौशेरा सीट से हारने के बाद रविंदर रैना ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 3 फेज में 63.88% वोटिंग हुई थी। 10 साल पहले 2014 में हुए चुनाव में 65% वोटिंग हुई थी। इस बार 1.12% कम वोटिंग हुई।

कांग्रेस ने लोकसभा-विधानसभा चुनावों में 585 करोड़ रुपए खर्च किए:चुनाव आयोग को बताया- स्टार कैंपेनर्स की हवाई यात्रा में 105 करोड़ खर्च हुए



24 न्यूज अपडेट

लोकसभा चुनाव 2024 और आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 585 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पार्टी ने 20 मार्च से 1 जून तक हुए कुल 5 चुनावों के खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को सौंपा है।

रिपोर्ट में कांग्रेस ने बताया कि 585 करोड़ में से 410 करोड़ रुपए ऐड और मीडिया कैंपेन पर खर्च किए गए हैं। वहीं, 46 करोड़ रुपए सोशल मीडिया और ऐप के वर्चुअल कैंपेन के लिए खर्च किए गए हैं।

दरअसल, सभी पार्टियों को अपना चुनावी खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को रिजल्ट घोषित होने के 75 से 90 दिनों के अंदर देना होता है। समय सीमा खत्म होने पर भी जब पार्टियां जानकारी नहीं देती है तो चुनाव आयोग पार्टियों को नोटिस भेजता है, जिसका पार्टियां महीनों तक जवाब नहीं देती हैं।

लोकसभा चुनाव के रिजल्ट की घोषणा 4 जून को हुई थी। मंगलवार 8 अक्टूबर को 124 दिन हो चुके हैं। अभी तक कांग्रेस के अलावा किसी अन्य पार्टी ने अपना चुनावी खर्च नहीं बताया है।

कांग्रेस ने बैनर-पोस्टर पर खर्च किए 68 करोड़ रुपए

चुनाव आयोग को सौंपी रिपोर्ट में कांग्रेस ने बताया कि एड और मीडिया कैंपेन में 410 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इनमें से पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और अन्य पब्लिसिटी मटेरियल के लिए 68.2 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

वहीं, स्टार कैंपेनर्स की हवाई यात्रा के लिए पार्टी ने 105 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की हवाईयात्रा का खर्च भी शामिल हैं।

ऐलान के समय कांग्रेस के पास 170 करोड़ रुपए थे

कांग्रेस ने बताया है कि चुनाव के ऐलान के समय पार्टी के पास 170 करोड़ रुपए थे। इसके बाद पार्टी के खातों में 539.37 करोड़ रुपए डाले गए हैं। साथ ही 13.76 करोड़ रुपए पार्टी को कैश के रूप में मिले हैं।

कोलकाता रेप-मर्डर केस, मेडिकल कॉलेज के 50 डॉक्टर्स का इस्तीफा:जूनियर डॉक्टर्स की भूख हड़ताल के सपोर्ट में उठाया कदम, कल देशभर में अनशन



24 न्यूज अपडेट

कोलकाता. आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को सामूहिक इस्तीफे दिए गए। 50 सीनियर डॉक्टर्स ने आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के समर्थन में रिजाइन कर दिया।

न्यूज एजेंसी PTI ने सूत्रों के हवाले से बताया कि मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में कई डिपार्टमेंट और उनके हेड्स की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में इस्तीफा देने का फैसला लिया गया। एक सीनियर मेंबर ने कहा, 'जूनियर डॉक्टर्स एक मकसद के लिए आमरण अनशन कर रहे हैं। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और यह संदेश देने के लिए हमने इस्तीफे दिए हैं।'

छह जूनियर डॉक्टरों के आमरण अनशन का आज चौथा दिन है। उन्होंने कहा कि हम किसी बाहरी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। 5 अक्टूबर से अनशन, 9 को देशभर में भूख हड़ताल जूनियर डॉक्टर 5 अक्टूबर की शाम से आमरण अनशन पर बैठे हैं। वे हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम को हटाने समेत 9 मांगों पर अड़े हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) ने पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों को समर्थन देने का ऐलान किया है। FAIMA ने कहा कि 9 अक्टूबर को देशभर में डॉक्टर्स भूख हड़ताल करेंगे।

बंगाल सरकार ने कहा है कि सरकार अपने सभी वादे पूरी कर रही है। ममता सरकार ने डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की है।

डॉक्टरों ने पहले 5 मांगे रखी थीं, इनमें सरकार ने 3 पूरे किए जूनियर डॉक्टरों ने रेप-मर्डर घटना के खिलाफ 10 अगस्त से 21 सितंबर तक 42 दिन तक हड़ताल की थी। डॉक्टरों ने सरकार के सामने पहले 5 मांगें रखी थीं। इनमें से सरकार ने 3 मांगें मान लीं। CM ममता ने दो अन्य मांगों और शर्तों पर विचार करने का आश्वासन दिया था।

इसके बाद डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म कर दी थी। वे अस्पतालों में काम पर लौट गए थे। 27 सितंबर को सागोर दत्ता हॉस्पिटल में 3 डॉक्टरों और 3 नर्सों से पिटाई का मामला सामने आया, जिससे नाराज होकर डॉक्टरों ने 1 अक्टूबर को फिर से हड़ताल शुरू कर दी।

4 अक्टूबर को जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ले ली, लेकिन धरना जारी रखा। उन्होंने कहा कि हम काम पर लौट रहे हैं क्योंकि सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज परेशान हो रहे हैं। हालांकि उन्होंने राज्य सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। इसके बाद उन्होंने अनशन शुरू किया।

राजस्थान पुलिस में बंपर तबादले, डीजीपी ने DSP रैंक के 155 अधिकारी का किया ट्रांसफर

24 न्यूज अपडेट

जयपुर : आईपीएस अधिकारियों के तबादलों के बाद अब पुलिस मुख्यालय ने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के अधिकारियों की बड़ी संख्या में बदली की है. डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने यह तबादला सूची जारी की है. आठ पेज की इस तबादला सूची में पुलिस उपाधीक्षक रैंक के 155 अधिकारियों का तबादला किया गया है.

155 अधिकारियों का स्थानांतरण : बता दें कि पिछले दिनों आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बड़ी संख्या में तबादले हुए थे. फिर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) रैंक के आरपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई थी. इसके बाद से ही पुलिस उपाधीक्षक रैंक के आरपीएस अधिकारियों की तबादला सूची का इंतजार था. अब आखिरकार यह इंतजार पूरा हुआ है. पुलिस मुख्यालय ने आठ पेज की तबादला सूची में 155 अधिकारियों का स्थानांतरण किया है. इसी प्रकार मदनलाल को उपाधीक्षक, डिस्कॉम, जोधपुर, सीमा चोपड़ा को उपाधीक्षक, पीटीएस, जोधपुर, राजवीर सिंह को वृत्ताधिकारी, नवलगढ़ (झुंझुनूं), रविंद्र कुमार बोथरा को एसीपी, प्रतापनगर (जोधपुर), राजेश ढाका को वृत्ताधिकारी, कोटा ग्रामीण, अमरजीत सिंह चावला को वृत्ताधिकारी, खाजूवाला (अनूपगढ़), ओमप्रकाश सोलंकी को वृत्ताधिकारी, आसींद (भीलवाड़ा), प्रशांत कौशिक को वृत्ताधिकारी, अनूपगढ़, अरविंद कुमार को वृत्ताधिकारी, पीपलू (टोंक), संतराम मीणा को वृत्ताधिकारी, गंगापुर सिटी, कृतिका यादव को वृत्ताधिकारी, बहरोड़, तपेंद्र मीणा को वृत्ताधिकारी, डूंगरपुर, नरेंद्र जैन को उपाधीक्षक, आबकारी विभाग, सीताराम मीणा को वृत्ताधिकारी, बामनवास (गंगापुर सिटी), आयुष वशिष्ठ को उपाधीक्षक, यातायात (अजमेर), रमेश माचरा को वृत्ताधिकारी, चौहटन (बाड़मेर), गुमनाराम को वृत्ताधिकारी, लोहावट (फलौदी), जयप्रकाश को वृत्ताधिकारी, डेगाना (नागौर), खेमाराम बिजारणियां को वृत्ताधिकारी, जायल (नागौर), सत्येंद्र सिंह नेगी को वृत्ताधिकारी, जैतारण (ब्यावर), दिनेश कुमार को उपाधीक्षक, एससी-एसटी सेल, सिरोही और तरुणकांत सोमानी को उपाधीक्षक, नगर निगम, कोटा लगाया गया है ।

संपादकीय : हादसों का सिलसिला

भीड़भाड़ वाली जगहों पर हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसलिए प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि वह ऐसी जगहों पर आवाजाही, निकासी हवा-पानी, चिकित्सा सुविधा आदि की समुचित व्यवस्था करे। भीड़ प्रबंधन को लेकर नियम-कायदे भी तय हैं। मगर इसे लेकर सरकारें और पुलिस-प्रशासन प्रायः लापरवाह ही देखे जाते हैं। यही वजह है कि अक्सर भगदड़, तेज गर्मी, मंचों के टूटने, आग लगने आदि की वजह से दुर्घटनाएं होती हैं ऐसे अनेक उदाहरण हैं, पर प्रशासन उनसे कोई सबक लेता नजर नहीं आता। उसी की ताजा कड़ी चेन्नई के 'एअर शो' में तेज गर्मी और निर्जलीकरण के कारण पांच लोगों की मौत और करीब सौ लोगों की सेहत खराब होने के रूप में सामने आई। बताया जा रहा है कि विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए भारतीय वायु सेना ने करीब सोलह लाख लोगों को चेन्नई के मरीना समुद्र तट पर जुटा लिया। मगर इतने लोगों के लिए जो इंतजाम होने चाहिए थे, वे नहीं किए गए। वहां का विपक्ष राज्य सरकार पर बदइंतजामी का ठीकरा फोड़ रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि भारतीय वायु सेना ने जितने सुरक्षाकर्मी मांगे थे, उससे अधिक उपलब्ध कराए गए थे। साढ़े छह हजार पुलिस कमी और डेढ़ हजार होमगार्ड तैनात किए गए थे। फिर यह सवाल अपनी जगह है कि इसके बावजूद लोगों को परेशानियों का सामना क्यों करना पड़ा। बताया जा रहा है कि लोगों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पुलिस कर्मियों ने समुद्र किनारे पानी वगैरह बेच रहे खोमचे वालों को हटा दिया था। इसलिए लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो सका। फिर कार्यक्रम खत्म होने के बाद लोगों में ऐसी अफरातफरी मची कि घर पहुंचने के लिए बसों और मेट्रो आदि के लिए जगह- जगह भीड़ लग गई। चेन्नई की सड़कों पर घंटों वाहनों का जाम लगा रहा। जब भी इस तरह के आयोजन होते हैं तो अनुमानित भीड़ के मद्देनजर आने-जाने के रास्ते पहले से तय किए जाते हैं, लोगों के लिए पीने के पानी, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं आदि का इंतजाम किया जाता है। मगर चेन्नई के 'एअर शो' में इसका नितांत अभाव देखा गया । आखिर क्यों भारतीय वायु सेना और चेन्नई पुलिस ने यह जानते हुए भी कि करीब सोलह लाख लोगों की भीड़ जमा होने वाली है, सुरक्षा संबंधी उपायों में लापरवाही बरती। ऐसे कीर्तिमान बना लेने का भी क्या लाभ, जिसमें लोगों को अपनी जान गंवानी पड़े। यह कोई ऐसा आयोजन नहीं था, जिसे स्थानीय और अननुभवी लोगों ने बिना कुछ सोचे-समझे आयोजित किया था। इसके लिए महीनों से तैयारियां की गई होंगी। प्रचार- प्रसार किया गया होगा। उसमें विशिष्ट लोगों को अतिथि के रूप में बुलाया गया होगा। मौसम विभाग से जानकारी ली गई होगी। मौसम संबंधी जानकारी के लिए तो भारतीय वायुसेना का अपना भी इंतजाम रहता है। फिर, कैसे यह अनुमान लगाने में चूक हुई कि लोगों को गर्मी के कारण परेशानियां उठानी पड़ सकती हैं। यह भी समझ से परे है। कि जब पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात थे, तो यातायात व्यवस्था संभालने में वे कैसे विफल साबित हुए। इस घटना से फिर यही साबित हुआ है कि प्रशासन को या तो भीड़ संभालने का उचित प्रशिक्षण नहीं है या वह जानबूझ कर ऐसी लापरवाही करता है। मानो, आमजन की सुरक्षा उनकी खुद की जिम्मेदारी मान ली गई है। इसे सामान्य चूक या लापरवाही नहीं माना जा सकता, यह प्रवृत्तिगत दोष है।

सहयोग का सफर

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा को दोनों देशों के बीच संबंधों के एक नए अध्याय के तौर पर देखा जा सकता है । यों मालदीव को लेकर भारत का रुख हमेशा से सकारात्मक रहा है, लेकिन सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि दोनों देश एक-दूसरे के घनिष्ट मित्र हैं। यह भी कहा गया है कि जो सहायता भारत अभी मालदीव को दे रहा है, वह आगे भी जारी रहने वाली है। निश्चित तौर पर यह भारत की उस विदेश नीति के अनुरूप है, जिसमें पड़ोस प्रथम' के सिद्धांत को वरीयता दी गई है। इस क्रम में मालदीव के राष्ट्रपति का यह बयान भी बहुत कुछ स्पष्ट करता है कि दोनों देश एक व्यापक 'विजन' दस्तावेज पर सहमत हुए हैं, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा। आर्थिक और समुद्री सुरक्षा के मामले में साझेदारी के साथ सहयोग व्यापक और आर्थिक भागीदारी, डिजिटल और वित्तीय पहलकदमी, ऊर्जा परियोजनाओं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग आदि पहलू भी शामिल हैं। नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों में भारत और मालदीव के संबंधों में आ रही सहजता काफी मायने रखती है अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, जब राष्ट्रपति बनने से पहले मुइज्जू ने भारत को लेकर बेहद नकारात्मक रुख अपनाया और 'भारत बाहर जाओ' जैसा नारा उछाला था। यही नहीं, राष्ट्रपति बनने के बाद आम रिवायत से हट कर उन्होंने सबसे पहले चीन की यात्रा की। उस दौरान भारत और मालदीव के बीच रिश्तों में एक तरह की तल्खी थी। हालांकि भारत ने अपनी ओर से संयम और धीरज का परिचय दिया । अब बदलती वैश्विक तस्वीर के बीच मुइज्जू की भारत यात्रा का महत्त्व समझा जा सकता है। यह भी सच है कि फिलहाल मालदीव गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और उसे तत्काल मदद की जरूरत है। अतीत में भारत ने हर जरूरत के वक्त मालदीव की सहायता की है और शायद उसी के मद्देनजर मुइज्जू ने इस मुश्किल समय में भारत की और देखा है। उम्मीद है कि मालदीव की भौगोलिक अवस्थिति, वैश्विक राजनीति में चल रही तेज उथल-पुथल के बीच हकीकत को समझते हुए मालदीव और भारत अपने संबंधों को सहयोग के नए आयाम देने की कोशश करेंगे।

पार्किंग डिसऑर्डर से पीड़ित हुआ एमबी अस्पताल: डिजिटल पार्किंग का ढोल पीटा, मौके पर भारी अव्यवस्था, गार्ड बोले-हम तो उपकरणों की सुरक्षा में तैनात



24 न्यूज अपडेट

कहा जाता है कि मर्ज बढ़ता ही गया ज्यों-ज्यों दवा की। इसी तरह उदयपुर के एमबी अस्पताल में पार्किंग की समस्या बढ़ती ही जा रही है। इसको व्यवस्थित करने के सारे दावे फेल नजर आ रहे हैं। इमरजेंसी के बाहर वाहनों की कतारें लगी हैं तो आउटडोर और बाल चिकित्सालय भी इससे अछूता नहीं है। अस्पताल का ऐसा कोई कोना नहीं जहां पर बेतरतीब वाहन पार्क नहीं किए गए हों। लगभग तीन सप्ताह पहले अस्पताल प्रशासन ने जोर-शोर से प्रचारित किया था कि जल्द ही डिजिटल पार्किंग शुरू होने वाली है लेकिन मौके पर ऐसा कुछ होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। तीन सप्ताह में इतना सा हुआ है कि कुछ जगह पर कैमरे और बेरिकेड लगे हैं। लेकिन अब तक एंट्री, एग्जिट और टोकन सिस्टम लागू नहीं किया गया है। तीन सप्ताह मे ऐसा लग रहा है कि निविदा लेने वाली एजेंसी ने अ अब तक ट्रायल भी नहीं की है। जो गार्ड बिठा रखे हैं वो ऑन कैमरा कह रहे हैं कि हमें यातायात व्यवस्थित करने के लिए नहीं बल्कि सुरक्षा उपकरणों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। कहीं ये महंगे उपकरण शुरू होने से पहले ही चोरी ना हो जाएं। आपको बता दें कि एमबी अस्पताल में पार्किंग कई सालों से बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। इससे पहले यहां पर पेड डिजिटल पार्किंग शुरू होनी थी मगर ठेके को लेकर राजनीतिक दखलंदाजी और विवाद सामने आने के बाद अस्पताला प्रशासन को कदम वापस खींचने पड़े थे। तब से यहां से कई वाहन चोरी हो चुके हैं। असामाजिक तत्वों का भी यहां खूब आना जाना है। ऐसे में पार्किंग को व्यवस्थित करने की सख्त जरूरत है। जब जबकि नई निविदा जारी हो चुकी है तो फिर पार्किंग को तत्काल दुरूस्त करने में आखिर क्या परेशानी हो रही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि उद्घाटन के लिए भाई साहब के आने का इंतजार किया जा रहा है। बहरहाल, अभी अव्यवस्थाओं का आलम है, हर जगह वाहन पार्क किए हुए दिख रहे हैं जो खुद बदइंतजामी की कहानी अपने आप बयां कर रहे हैं। पिछले दिनों यातायात पुलिस की ओर से किए गए प्रयास भी हवा-हवाई होते दिखाई दे रहे हैं। लोग खुद अनुशासित हो जाएंगे यह मानना ही बहुत बड़ी भूल होगी। ऐसे में नई व्यवस्था को बिना देरी किए सख्ती से लागू करने की जरूरत है।


मुंबई से सागवाड़ा पहुंची बस में मृत मिला बांसवाड़ा का युवक



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। मुंबई से सागवाड़ा पहुंची निजी बस में एक युवक का शव मिला। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंपा हैं। बताया गया कि युवक मुंबई से सागवाड़ा तक का टिकट लेकर बस में बैठा। यह बस आज सुबह सागवाड़ा पहुंची तो पूरी बस खाली हो गई मगर युवक बाहर नहीं आया। चेक किया तो वह अचेत अवस्था में मिला। जांच करने पर मृत पाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंपा। थानाधिकारी प्रभुलाल ने मीडिया को बताया कि मुंबई से सागवाड़ा पहुंची निजी बस में एक युवक का शव मिला है। सागवाड़ा में बस खाली होने पर युवक को जगाने पर कोई हरकत नहीं होने से बस की स्टाफ ने बस को पुलिस थाने के पास रोककर पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस द्वारा चेक करने पर युवक की मौत हो चुकी थी। थानाधिकारी प्रभुलाल ने मृतक की पहचान बांसवाड़ा निवासी विजयपाल डेन्डोर के रूप में हुई है। विजयपाल सोमवार शाम मुंबई से अपने घर आने के लिए रवाना हुआ था। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जिस पर मृतक के परिजन सागवाड़ा थाना पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जैफ्री ने जिस एआई को मानवता के लिए खतरा बताया, उसी ने दिलाया नोबेल प्राइज



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. ओवरसीज। फिजिक्स के नोबेल प्राइज 2024 की घोषणा नोबेल कमेटी ने कर दी है। इस साल का यह पुरस्कार एआई के गॉडफादर जैफ्री ई. हिंटन और अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन जे. होपफील्ड को मिला है। उन्हें मशीन लर्निंग से जुड़ी नई तकनीकों के विकास के लिए ये सम्मान दिया है जो आर्टिफिशियल न्यूरॉन्स पर आधारित है। जैफ्री को मशीन लर्निंग के लिए नोबेल मिला है। उन्होंने इसी एआई को मानवता के लिए बड़ा खतरा बताया था। उन्होंने 2023 में उन्होंने गूगल से एआई के इस्तेमाल के चलते इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा था कि बड़ी संख्या में नौकरियां खत्म हो जाएंगी। समाज में गलत सूचनाएं तेजी से फैलेंगी, जिसे रोक पाना संभव नहीं होगा। हिंटन ने एआई के लिए खुद को जिम्मेदार मानते हुए अफसोस जताया था। वहीं, नोबेल देने की घोषणा करते हुए कमेटी ने कहा कि दोनों वैज्ञानिकों ने दुनिया को कंप्यूटर को नए तरीके से इस्तेमाल करना सिखाया है। आपको बता दें कि रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस की ओर से स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में यह घोषणा आज की गई। दोनों विजेताओं को 8.90 करोड़ की राशि मिलेगी, जिसे दोनों में बराबर बांट दिया जाएगा। सोमवार को मेडिसिन के क्षेत्र में नोबेल प्राइज विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को देने की घोषणा हुई थी।ये प्राइज माइक्रो आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया है।

एमपीयूएआई में डॉ. आर. एल. सोनी ने निदेशक प्रसार शिक्षा का कार्यभार ग्रहण किया



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। डॉ. आर. एल. सोनी ने महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय के निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. सोनी ने अपना पुरा सर्विस काल कृषि प्रसार क्षैत्र में रहते हुए कृषि एवं किसानों के उत्थान के लिए काम किया। आपके कुशल नेतृत्व के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र बांसवाड़ा को दो बार उत्कृष्ट केन्द्र का पुरूस्कार दिलाया। साथ ही नीति आयोग द्वारा बांसवाड़ा केन्द्र को अतुलनीय कार्यों के लिए 'ए' रेटींग दिया गया व नर्सरी को चार स्तर द्वारा एक्रीडेट किया गया। तद्उपरान्त आपने कृषि विज्ञान केन्द्र वल्लभनगर के प्रथम प्रभारी रहते हुए केन्द्र के भवन, किसान घर, प्रर्दशन इकाईयों की स्थापना की। आपने किसानों को सर्वोच्च मानते हुए उनकी खेती को विज्ञान एवं तकनीकी से जोड़कर अधिक उत्पादन, लाभकारी व टिकाऊ बनाने का दृड़ संकल्प लिया। किसान केन्द्रित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित तकनीकियों को हस्तांतरित किया। दक्षीणी राजस्थान के अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों की छोटी जोत हेतु सम्बन्धित कृषि प्रणाली के माध्यम से आय में बढ़ोत्तरी की। साथ ही आपने प्रसार शिक्षा निदेशालय के अतंर्गत कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्रों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। आपने लघु व सीमांत कृषकों के लिए कम लागत की खेती जैसे जैविक खेती, प्रकृतिक खेती को ज्यादा बढ़ावा दिया। आपका कहना है कि अब कृषि विज्ञान केन्द्रों के मुख्यालय पर पदभार ग्रहण करने के उपरान्त सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों का एक साथ संर्वागीण विकास करने के लिए करबद्ध है। किसानों की आय में ओर वृद्धि करने व कृषि तकनिकियों की अधिक जानकारी दिलाने के लिए आईटी व एआई तकनीकियां के उनयोग को बढ़ाने पर जोर दिया जायेगा। किसानों के खेतों को यान्त्रीकरण व सौर उर्जा के अधिक उपयोग से कृषि लागत में कमी लाने पर जोर दिया जायेगा।

हज - 2025 के लिए राज्य के सभी आवेदकों का चयन

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई को आवंटित सीटों में से राज्य को मुस्लिम आबादी के अनुपात में कुल 4392 सीटें आवंटित की गई है। राज्य से हज 2025 हेतु कुल 3802 आवेदन पत्र प्राप्त हुये। अतः राज्य के सभी आवेदकों का चयन कर लिया गया है एवं सभी आवेदकों को हज हेतु चयन संबंधित सूचना उनके मोबाईल नम्बर पर मैसेज द्वारा भिजवा दी गई है। राजस्थान राज्य हज कमेटी के अधिशाषी अधिकारी श्री अबु सुफियान चौहान ने बताया कि हज 2025 हेतु सभी चयनित हज यत्रियों को प्रति हज यात्री 1,30,300 रुपये की राशि 08 से 21 अक्टूबर तक जमा करानी है। उक्त राशि का भुगतान हज कमेटी आफ इण्डिया, मुम्बई की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैकिंग एवं यू.पी.आई. द्वारा अथवा हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के SBI/UBI रजिस्टर्ड बैंक खाते में जमा किये जाने है। हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट पर कंवर नम्बर के आधार पर बैंक रेफरेन्स नम्बर दिये गये है, जिसे पे-इन-स्लिप में दिखाया जाना आवश्यक है।

लेकसिटी के लिए तैयार होगा टूरिज्म मास्टर प्लान व एआई ट्रैफिक सिस्टम, गुलाबबाग को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करवाएंगे, दीपावली पर सरकारी रोशनी में नहाएगा शहर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 8 अक्टूबर। जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में समिति अध्यक्ष और जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर की ऐतिहासिक व प्राकृतिक धरोहर गुलाबबाग को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल कराने को लेकर प्रस्ताव करने का निर्णय लिया गया। जिला कलेक्टर ने नगर निगम और पर्यटन विभाग को संयुक्त रूप से प्रयास तेज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उदयपुर शहर के लिए टूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करने, शहर में एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने, सूचना केन्द्र के ओपन थिएटर को लोक कलाकारों की प्रस्तुति के लिए तैयार करने सहित पर्यटन विकास व पर्यटकों की सुविधाओं को लेकर सुझावों पर चर्चा भी की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एसीईओ कृष्णपालसिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माधुरी वर्मा, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता अनिल गर्ग, परिवहन अधिकारी अनिल सोनी सहित अन्य अधिकारीगण, होटल एसोसिएशन व गाइड एसोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर पोसवाल की पहल पर उदयपुर शहर के लिए ट्यूरिज्म मास्टर प्लान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तैयार कराने का प्रस्ताव रखा। उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने कहा कि टूरिज्म मास्टर प्लान समय की मांग है, यदि उदयपुर में मास्टर प्लान तैयार किया जाता है तो यह प्रदेश का पहला जिला होगा। बैठक में एक निजी फर्म की ओर से मास्टर प्लान की आवश्यकता को लेकर तैयार पीपीटी का प्रजेंटेशन भी दिया। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर भी एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई। जिला कलक्टर ने शहर के किसी भी एक स्थल का चयन कर एआई आधारित ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। सूचना केंद्र ओपन थियेटर में होंगी लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां: बैठक में कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने पर्यटकों के मनोरंजन के लिए शहर में विविध स्थलों पर लोक कलाकारों के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बारे में जानकारी ली।पोसवाल ने सूचना केंद्र में बने ओपन थियेटर का जिक्र करते हुए कहा कि बहुत अच्छा स्थल है, यहां पहले फिल्म गाइड के गीत की शूटिंग भी हो चुकी है। यूडीए के माध्यम से विकास कार्य भी कराया गया है। उन्होंने ओपन थियेटर में पश्चिम सांस्कृतिक केंद्र व लोक कला मण्डल की तर्ज पर पर्यटकों के लिए नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव देते हुए उसके लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। **दीपावली पर रोशनी में नहाएगा शहर** :कलेक्टर अरविन्द पोसवाल की पहल पर पिछले वर्ष दीपावली पर शहर में की गई विद्युत सज्जा की सभी सदस्यों ने प्रशंसा करते हुए इस बार भी पहल को जारी रखने का आग्रह किया। इस पर जिला कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि इस बार भी दीपावली पर नवाचार करते हुए आकर्षक विद्युत सज्जा कराई जाएगी। शहर के प्रमुख मार्गों, पर्यटक स्थलों, ऐतिहासिक स्थलों की सजावट होगी। **पर्यटन सीजन में यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश:** उदयपुर में दीपावली के दौरान विशेष पर्यटन सीजन रहता है। ऐसे में कलेक्टर पोसवाल ने पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष प्रयासों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन को लेकर प्लानिंग की जाए। यातायात प्रभारी नेत्रपाल सिंह ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में अनुमानित रूप से 15 से 20 हजार अतिरिक्त वाहन आते हैं। यातायात नियंत्रण के लिए अतिरिक्त जाब्ते की दरकार रहेगी। जिला कलक्टर ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था करने तथा शहर में पेड पार्किंग यथा मोती डूंगरी स्थित पार्किंग सहित अन्य का सदुपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। **हेरिटेज वॉक को प्रमोट करें:** जिला कलक्टर श्री पोसवाल ने नगर निगम और पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटकों के लिए प्रस्तावित हेरिटेज वॉक को प्रमोट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हेरिटेज वॉक के माध्यम से पर्यटक उदयपुर की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासतों से रूबरू हो सकते हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में इससे जुड़ नहीं पाते। उन्होंने हॉर्डिंग्स आदि के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

ट्रेनी SI के रिश्तेदार तस्करों की गैंग से जुड़े:एसओजी की गिरफ्त में सगे भाई-बहन ने किया खुलासा, 24 से ज्यादा ट्रेनिंग कर रहे



प्रियंका



दिनेश

24 न्यूज अपडेट

जयपुर. एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के मामले में गिरफ्तार सगे बहन-भाई को सोमवार को कोर्ट में पेश कर 11 अक्टूबर तक रिमांड पर ले लिया गया। सूत्रों के अनुसार, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की पूछताछ में दोनों भाई-बहनों ने कई खुलासे किए हैं। दोनों ने बताया है कि 24 से ज्यादा ट्रेनी एसआई के रिश्तेदार मादक पदार्थों की तस्करी की गैंग से जुड़े हैं। उधर, दोनों के फरार पिता की भी तलाश की जा रही है। एसओजी की ओर से एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में 6 अक्टूबर को ट्रेनी SI भाई-बहन दिनेश विश्नोई (27) और प्रियंका विश्नोई (28) को अरेस्ट किया गया था। एसओजी सूत्रों के मुताबिक, प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) में ट्रेनिंग कर रहे 24 से अधिक ट्रेनी SI के परिजन-रिश्तेदार मादक पदार्थ तस्कर गैंग से जुड़े है। SOG टीम ने पूछताछ में सामने आए सभी को चिन्हित कर लिया है। इन सभी की भूमिका की जांच की जा रही है। इनकी पेपर लीक करवाने में क्या भूमिका थी। 20 लाख रुपए में बेटा-बेटी के लिए खरीदा पेपर एसओजी सूत्रों के मुताबिक, टीम अरेस्ट हुए ट्रेनी SI भाई-बहन के पिता भागीरथ विश्नोई की तलाश में दबिश दे रही है। माना जा रहा है कि पिता भागीरथ के अरेस्ट होने पर SI पेपर लीक मामले में शामिल रहे अन्य मादक पदार्थ तस्करों के बारे में खुलासा हो सकेगा। भागीरथ ने बेटा-बेटी को एसआई बनाने के लिए 20 लाख रुपए में पेपर लिया था।सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में सामने आया है कि 14 सितम्बर 2024 को गोपाल सहारण ने SI भर्ती परीक्षा का पेपर पढ़वाया था। उसी दिन ओमप्रकाश फौजी ने भी कई अभ्यथियों को लीक हुए पेपर को पढ़वाया था। SOG इन सभी SI भर्ती परीक्षा का पेपर पढ़ने वाले आरोपियों को चिन्हित कर रही है, जिन्हें ओमप्रकाश ने पेपर पढ़वाया था। एसओजी के एडिशनल एसपी राम सिंह ने बताया- मामले में गिरफ्तार दोनों भाई-बहन से पूछताछ की जा रही है। अब तक 44 ट्रेनी एसआई हो चुके हैं गिरफ्तार अब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 44 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी।

पहले से हो गया था सब तय

पूछताछ में सामने आया है कि पेपर लीक मामला सामने आने के बाद तय हुआ था कि कोई किसी का नाम नहीं बताएगा। परीक्षा रद्द होने पर भाग जाने की तैयारी थी। परीक्षा रद्द नहीं होने तक चुपचाप रहकर प्रशिक्षण पूरा करेंगे। इसके चलते दोनों भाई-बहन भी चुपचाप ट्रेनिंग ले रहे थे। SOG की रडार पर अब भी पेपर लीक मामले से जुड़े 300 से अधिक ट्रेनी SI है, जबकि 44 को गिरफ्तार किया जा चुका है।

भिवाड़ी एसपी की लोकेशन ले रहे थे पुलिसकर्मी

एसपी को मिली शिकायत तो एसपी ने किया सस्पेंड; एसआई समेत 6 पर एक्शन

24 न्यूज अपडेट

जयपुर.भिवाड़ी जिला पुलिस की साइबर सेल में तैनात सात पुलिसकर्मी पिछले कुछ दिनों से जिला कप्तान की लोकेशन निकाल रहे थे। एसपी भिवाड़ी ज्येष्ठा मैत्रयी को जब इस की जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस मुख्यालय में सीनियर ऑफिसर को इस की जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय ने इसे गम्भीर मानते हुए एसपी को एक्शन करने के लिए कहा,जिस पर एसपी ने भिवाड़ी साइबर सेल में तैनात इंचार्ज सरहित सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इन सभी सातों पुलिसकर्मियों की जांच इस के पीछे के कारणों की जांच एक आरपीएस अधिकारी को दी हैं। वहीं इस केस पर पुलिस मुख्यालय भी नजर बनाए हुए हैं। एक सीनियर आईपीएस ने बताया कि इस तरह की हरकत साइबर सैल में तैनात पुलिसकर्मियों के द्वारा की गई वह अपराध की श्रेणी में आता हैं। जिले के कप्तान की लोकेशन लेन आखिर यह पुलिसकर्मी क्यों चाहते ते और लोकेशन लेकर यह किसे दे रहे थे इस की जांच शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में एक एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी से इस केस की मॉनिटरिंग कराई जा रही हैं। भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रयी ने इस केस की जानकारी मुख्यालय में दी जिस पर के



बाद एक्शन किया गया। सस्पेंड किए गए साइबर सेल इंचार्ज एसआई श्रवण जोशी, हेड कॉन्स्टेबल अवनेश कुमार। कॉन्स्टेबल राहुल, सतीश, दीपक, भीम और रोहताश को निलंबित कर दिया गया।

कई सवाल जिन का जवाब जानना है इन सात पुलिसकर्मियों से

1.सस्पेंड पुलिसकर्मी किस की मंजूरी,आदेश,दबाव में एसपी की निकाल रहे थे लोकेशन?

2.आखिर किस ने दिये एसपी की लोकेशन निकालने के पुलिसकर्मियों को आदेश?

3.सात पुलिसकर्मी संगठित होकर अपने एसपी की लोकेशन का क्या करना चाह रहे थे?

4.साइबर सेल इंचार्ज से लेकर कांस्टेबल 24 घंटे क्यों ले रहे थे एसपी की लोकेशन?

5.एसपी की लोकेशन इन पुलिसकर्मियों ने आखिर दी किसे ?

500 रुपए में किराए पर लिया था रुम, 9 कमरों से LED टीवी चुरा ले गया



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर में एक होटल के 9 कमरों से LED टीवी चोरी करने का मामला सामने आया है। होटल में किराए से रुम लेकर रुके कस्टमर ने देर रात वारदात को अंजाम दिया। होटल के दूसरे कमरों के लॉक को मास्टर चाबी से खोल LED टीवी चुराई। विश्वकर्मा थाना पुलिस होटल में लगे CCTV फुटेज में कैद हुए चोर की तलाश कर रही है। हेड कॉन्स्टेबल करतार सिंह ने बताया- विश्वकर्मा निवासी श्रवण कुमावत (35) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। विश्वकर्मा इलाके में मिलन सिनेमा के सामने खुशी पैलेस के नाम से उनका होटल है। 26 सितम्बर को शाम करीब 4 बजे एक कस्टमर ने होटल में ठहरने के लिए किराए पर रुम लिया था। रुम रेंट के एवज में 500 रुपए जमा करवा दिए, बाकी बचे 300 रुपए सुबह चेकआउट पर देने की कहा। होटल में किराए पर कमरा लेकर बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी हेयर मोहम्मद नाम का व्यक्ति ठहर गया। 27 सितम्बर को सुबह 10 बजे चेक आउट नहीं करने पर उसे बुलाने गए। ऊपर जाकर कमरे को नोक करने के बाद भी कोई रिप्लाई नहीं आया। जोर से धक्का देने पर गेट खुलने पर कमरे के अंदर कोई नहीं मिला। कमरे की दीवार पर लगी LED टीवी गायब मिली। होटल में इधर-उधर कस्टमर को तलाशने पर गायब मिला। होटल के लॉक 9 कमरों को खोलकर देखा गया। 8 कमरों लगी LED टीवी भी गायब मिली। मास्टर चाबी से कमरों का लॉक खोलकर बदमाश ने LED टीवी चोरी कर ली।

CCTV फुटेज में कैद मिली करतूत

होटल के एंट्रेस पर लगे CCTV फुटेज को खंगालने पर कस्टर बनकर ठहरे चोर की करतूत कैद मिली। सुबह करीब 4:15 बजे वह दो बड़े बैग में होटल से चुराई 8 LED टीवी को उठाकर ले जाते दिखाई दिया। होटल के रिसेप्शन पर मौजूद व्यक्ति के नींद में होने का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पीड़ित श्रवण कुमावत का कहना है कि होटल में कमरा लेने आने पर उसकी पीठ पर एक बैग लटका था। लग रहा है कि पीठ पर लटके बैग में ही LED टीवी चोरी में यूज किए दोनों बड़े बैग रखे होंगे। होटल के कमरों से चार बेडशीट, पिलो कवर व कंबल भी गायब है। LED टीवी को टूटने से बचाने के लिए चोर ने उसका इस्तेमाल किया होगा।

दीवाली पर राज्य भर में मिलेंगी "सरस" की मिठाइयाँ, अलवर डेयरी का कलाकंद और बीकानेर का रसगुल्ला भी मिलेगा प्रदेश की सभी डेयरियों में



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। इस बार दीवाली के अवसर पर उपभोक्ताओं को राज्य भर में सरस ब्रांड की शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट मिठाइयाँ मिलेंगी। अलवर डेयरी का मशहूर कलाकंद और बीकानेर डेयरी का रसगुल्ला एवं राजभोग जैसी स्वादिष्ट मिठाइयाँ भी राज्य भर के ज़िला दुग्ध संघों द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी। यह जानकारी देते हुए राजस्थान कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रबंध संचालक श्रीमती श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राज्य भर के ज़िला दुग्ध संघ इस बार दीवाली पर उपभोक्ताओं को शुद्ध सरस दूध और घी से बनी मिठाइयाँ उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने बताया कि सभी ज़िला दुग्ध संघों को निर्देश दिये गये हैं कि मिठाइयों के निर्माण के समय हाइजीन, सैनिटेशन और उच्च गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बार सभी ज़िलों में दुग्ध संघों द्वारा निर्मित स्थानीय मिठाइयों के अलावा अलवर डेयरी का प्रसिद्ध कलाकंद (मिल्क केक/मावा) और बीकानेर डेयरी का रसगुल्ला, गुलाबजामुन, राजभोग और सोन पापड़ी जैसी प्रसिद्ध और स्वादिष्ट मिठाइयाँ भी मिलेंगे। स्थानीय स्तर पर अजमेर, भीलवाड़ा और हनुमानगढ़ डेयरी द्वारा पेड़ा और भीलवाड़ा डेयरी द्वारा बर्फ़ी उपलब्ध कराई जाएगी। राज्य की सभी सहकारी डेयरियों द्वारा उनके कार्यक्षेत्र में चयनित डेयरी बूथ्स के अलावा प्रमुख स्थानों पर स्टाल लगाकर मिठाइयों की बिक्री की जाएगी। श्रीमती भारद्वाज ने बताया कि सभी ज़िला दुग्ध संघ बीकानेर डेयरी द्वारा निर्मित मिठाइयों का गिफ्ट हैंडपैक भी उपलब्ध करायेंगे। इस आकर्षक "सरस स्वीट गिफ्ट हैंपर्स पैक" में एक किलो रसगुल्ला का पैक, एक किलो गुलाब जामुन का पैक और 400 ग्राम के पैकेट में सोन पपड़ी होगी। यह सरस गिफ्ट पैक संपूर्ण राज्य में एमआरपी 550/- रुपये में उपलब्ध होगा। उन्होंने सभी सरस उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि सरस ब्रांड की "शुद्धता की गारंटी" ही उसकी पहचान है और उपभोक्ता सरस मिठाइयों की उच्च गुणवत्ता के प्रति भी सौ प्रतिशत निश्चिंत रहें।


साकरोदा में झपटा पैंथर, बाइक का मास्क मुंह में आने से बच गए दंपती, पिंजरा लगाने की मांग



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर जिले में पैंथर के हमले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिले भर में लगातार हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। जहां एक तरफ गोगुंदा में लेपर्ड को पकड़ने के लिए कई सारी टीमें लगी हुई हैं और वन विभाग के बड़े अधिकारी निगरानी रखे हुए हैं तो दूसरी तरफ आसपास इलाकों में भी लगातार हमले की घटनाएं सामने आ रही है। गोगुंदा के बाद उदयपुर शहर के समीप साकरोदा इलाके में देर रात एक पैंथर ने राहगीर पर हमला करने की कोशिश की। बाइक पर जा रहे राहगीर पर झपटा मारा तो बाइक के आगे का मास्क उसके मुंह में आ गया और दोनों बाइक सवार दंपती नीचे गिर गए। उसी दौरान वहा से गुजर रहे लोगो के शोर मचाने से वह वहां से भाग निकला। जानकारी के अनुसार साकरोदा निवासी महेंद्र सिंह जो साकरोदा भल्लो का गुड़ा मार्ग पर आशापुरा माताजी मंदिर के पास से रात को करीब 9 बजे घर जा रहे थे उस दौरान माताजी मंदिर के समीप ही पहाडी में झाड़ियां में छिप कर बैठे पैंथर में बाइक सवार पर अटैक किया और जब बाइक सवार महेंद्र सिंह और उनकी पत्नी नीचे गिर गए तो तभी इस रोड से और कुछ लोग निकले तो उनके शोर मचाने से पैंथर भाग निकला। महेंद्र सिंह ने बताया कि रात को नवरात्रि में मंदिर से घर जा रहे थे उस दौरान अचानक पैंथर ने हमला करने की कोशिश की । और लोग भी उसी रास्ते से निकले और उनके शोर मचाने से वह भाग निकला अन्यथा वह शिकार बना सकता था। अब वन विभाग से भी पिंजरा लगाने की ग्रामीणों ने मांग की है। कुछ दिन पहले ही साकरोदा में ही एक पैंथर ने खेत पर फसल काटने गई महिला पर हमला किया जिससे महिला घायल हो गई । वही अब यह दो दिन में दूसरी घटना सामने आई है लोगों का कहना है कि वन विभाग पिंजरा लगाए।

दशहरा मेले में बिना अनुमति चल रहे झूले उपखंड अधिकारी से नहीं ली एनओसी, नगर परिषद आयुक्त ने थमाया नोटिस



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा.शहर के खेल मैदान में चल रहे दशहरे के मेले में मेला संवेदक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दशहरा मेले में लगाए गए सभी झूले अवैध रूप से चल रहे हैं, एक भी झूले को लेकर एनओसी नहीं ली गई है। बिना उपखंड अधिकारी की अनुमति के झूलों का संचालन कर लापरवाही बरती जा रही है। मामला सामने आने पर नगर परिषद आयुक्त ने संवेदक को नोटिस थमाया है।

खास बात यह हैं कि मेला शुरू हुए भी 5 दिन बीत गए, लेकिन इतने दिन तक न तो नगर परिषद और न ही प्रशासन को इसकी जानकारी थी। बांसवाड़ा शहर के कॉलेज मैदान में पिछले 5 दिन से मेले का आयोजन हो रहा है। यहां बिना अनुमति के झूले चलाए जा रहे हैं।

आयुक्त मोहम्मद सोहैल शेख ने बताया- मेले में सुरक्षा व्यवस्था के प्रति लापरवाही की इस स्थिति को देखते हुए मेला संचालक को नोटिस जारी किया है। अगर नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं आया तो निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी। मेले में अभी करीब 15 झूलों का संचालन हो रहा है। गौरतलब है कि नियमों के मुताबिक मेला शुरू करने से पहले सेफ्टी के तौर पर झूलों की फिटनेस जांच के साथ उपखंड अधिकारी से एनओसी की जरूरत होती है। मामले में मेला संवेदक से संपर्क साधा, लेकिन बात नहीं हो सकी।

राजसमंद में टेरिटरी फाइट में लेपर्ड की मौत
सड़क किनारे मिला शव, चेहरे पर नाखूनों के निशान



24 न्यूज अपडेट

आमेट (राजसमंद). राजसमंद जिले के आमेट में टेरिटरी फाइट में एक लेपर्ड की मौत हो गई। लेपर्ड का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। मामला आमेट की गोवल पंचायत के नारू जी का गुडा का है। जहां गांव के रास्ते में सड़क किनारे लेपर्ड का शव मिला है।

थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9:15 बजे के करीब डेगाना से धर्मचंद गुर्जर का फोन आया था कि गोवल के रास्ते में लेपर्ड मरा हुआ पड़ा है। उसके बाद हमने वन विभाग को सूचना दी। सूचना देने वाले धर्मचंद्र गुर्जर ने बताया कि मैं रोज की तरह सुबह अपने मवेशियों को चराने के लिए गोवल मार्ग की तरफ जा रहा था। जहां पर लोगों ने मुझे बताया कि आगे की तरफ सड़क के किनारे एक लेपर्ड मरा हुआ पड़ा है। हमारे पास वन विभाग के किसी कर्मचारी के नंबर नहीं थे, इसलिए हमने पुलिस चौकी पर सूचना दी। चेहरे पर नाखूनों के निशान मिले सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के रेंजर कौशल सिंह सोडा ने बताया- सुबह आमेट थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत ने फोन कर बताया कि गोवल सड़क मार्ग पर सड़क किनारे एक लेपर्ड मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना के बाद मैं वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचा और लेपर्ड के शव को कब्जे में लेकर आमेट लाए। जहां पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार किया गया।

रेंजर कौशल सिंह सोडा ने बताया कि लेपर्ड के चेहरे पर गहरे नाखूनों के निशान से लगता है कि आसपास के क्षेत्र में और भी लेपर्ड हो सकते हैं, जिनके साथ फाइट के दौरान इसकी मौत हो गई।

1962 पर कॉल करते ही आ जाएगी पशु मोबाइल वेटरिनरी यूनिट, मोबाईल पशु चिकित्सा सेवा के लिए कॉल सेंटर का लोकार्पण कल

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य एवं राज्य मंत्री पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य विभाग श्री जवाहर सिंह बेढम के विशिष्ट आतिथ्य में बुधवार 9 अक्टूबर को आगरा रोड स्थित राजस्थान राज्य पशुधन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे मोबाईल वेटरिनरी इकाइयों के लिए कॉल सेटर का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। डॉ शर्मा ने बताया कि भारत सरकार की केंद्र प्रवर्तित योजना ESVHD-MVU के तहत प्रदेश में 536 मोबाईल वेटरिनरी यूनिट के माध्यम से पशुपालकों को उनके घर पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य में प्रत्येक 01 लाख पशुओं पर एक मोबाईल वेटरिनरी यूनिट काम करेगी। उन्होंने बताया कि अभी तक ये यूनिट अपने तय रूट पर शिविर लगाकर पशुपालकों को अपनी सेवाएं दे रही हैं। कॉल सेंटर शुरू हो जाने से पशुपालकों को उनके दरवाजे पर ही पशु चिकित्सा सेवा मिल सकेगी। इस कॉल सेंटर का हेल्प लाईन नंबर 1962 है जिस पर फोन कर पशुपालक इन सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। डॉ शर्मा ने बताया कि प्रत्येक मोबाईल यूनिट के लिए एक पशु चिकित्सक, एक तकनीकी पशु चिकित्साकर्मी तथा एक ड्राईवर कम पशु परिचारक की व्यवस्था की गई है। कॉल सेंटर में 10 पशु चिकित्सकों और तकनीकी पशु चिकित्साकर्मियों के दल को नियोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय कॉल सेंटर के माध्यम से सामान्य रोगों के उपचार हेतु टेलिमेडिसीन व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पशु प्रबंधन, पोषण आदि के लिए सलाह भी दी जाएगी।

डिवाईन चाइल्ड'स स्कूल का त्रिदिवसीय गरबा महोत्सव शुरू



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा। शारदीय नवरात्रि पर्व की श्रृंखला में डिवाईन चाइल्ड'स पब्लिक स्कूल निम्बाहेड़ा में आमलिया बावजी रोड़ स्थित विद्यालय प्रांगण में सोमवार से त्रिदिवसीय सांध्यकालीन गरबा महोत्सव की शुरुआत हुई। प्रथम संध्या पर जूनियर कक्षाओं के बालकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रेम बाहेती ने मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार मूंदड़ा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, निम्बाहेड़ा तथा विशिष्ट अतिथि बालमुकुंद राठी, तरुण सालेचा एवं सीए रोहित नागोरी का स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मयंक चौधरी, प्रतीक बालदी सहित अभिभावकगण तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। आयोजन के अंत में विद्यालय सचिव भावना बाहेती ने आभार प्रदर्शित किया। बाहेती ने बताया कि मंगलवार को सीनियर कक्षाओं का तथा तीसरे व अंतिम दिन विद्यालय स्टाफ द्वारा गरबा नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा तथा तीनों दिन के प्रतिभागियों को श्रेष्ठ वेशभूषा तथा प्रदर्शन के आधार पर पारितोषिक वितरण भी किया जाएगा।

जीप की टक्कर से बेटे की मौत, पिता घायल:डूंगरपुर से बाइक से लौट रहे थे गांव, आतरी बस स्टैंड के पास हादसा



24 न्यूज अपडेट

डूगरपुर. वरदा थाना क्षेत्र में आतरी बस स्टैंड के पास एक जीप ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता घायल हो गए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वरदा थाने के एएसआई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वरदा निवासी लक्ष्मण डिन्डोर ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका बेटा मुकेश (26) दोनों सोमवार देर शाम को बाइक पर डूंगरपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान डूंगरपुर-वरदा मार्ग पर आतरी बस स्टैंड के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार जीप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मुकेश गंभीर घायल हो गया। वहीं, उसे मामूली चोट आई, जिसके बाद दोनों घायलों को सागवाड़ा अस्पताल ले गए, जहां पर दोनों ने इलाज करवाया। इसके बाद दोनों बाप-बेटे घर लौट आए। देर रात घर पर मुकेश की मौत हो गई। सूचना पर वरदा थाना पुलिस मृतक के घर पहुंची और शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी लेकर आए। जहां पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शह और मात के खेल में एमडीएस के विद्यार्थियों का वर्चस्व कायम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। एमडीएस सीनियर सैकण्डरी स्कूल, उदयपुर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई और आरबीएसई शतरंज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी धाक जमाई है। इन विजेता प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आरबीएसई जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-14 शतरंज प्रतियोगिता में धन्नजय, तेजेन्द्र, यक्षित, येदान्त, विनित, कियाना, वीरा, निविशा, चार्वी, मोरल, और अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता में शिखर, मितांश, अंशुल, युवराज, सम्पूर्ण, भव्या, शिवांशी, नित्या, सयैद, खनक ने बेहतरीन खेल दिखाया। वहीं अंडर-19 शतरंज में पार्थ, भाविक, लवित्र, निरल, काव्य, विदुषी, वैशाली, अक्षरा, केनिशा और प्रिंसी ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तर पर चयनित शतरंज खिलाड़ी शिखर कर्ण, भव्या माहेश्वरी, विदुषी खुरदिया, पार्थ भारद्वाज, कियाना परिहार, वीरा कागे, धन्नजय शुक्ला ने हिस्सा लिया, जिनमें से शिखर कर्ण और भव्या माहेश्वरी का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले शतरंज शिविर के लिए चयन किया गया है। इसके अलावा, सीबीएसई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अंडर-19 छात्रा वर्ग में विदुषी खुरदिया, भव्या माहेश्वरी, प्रिंसी दोशी, वैशाली मिश्रा और अंडर-17 छात्रवर्ग में शिखर कर्ण, मितांश साहू, धैर्य चैधरी और युवराज जैन ने भी बेहतरीन खेल दिखाया। इन सभी विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर विजय के बाद राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। एमडीएस विद्यालय के निर्देशक, डॉ. शैलेन्द्र सोमानी, ने सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।